http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 37

प्रयागराज मंगलवार 22 अक्टूबर 2024

पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रुपया

## शाह ने की शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित

नई दिल्ली,(एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस पर यहां राष्ट्रीय पुलिस स्मारक जाकर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री शाह ने पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए उनके कर्तव्य परायणता की सराहना की और कहा कि बहादुर और वीर पुलिस कर्मी देश का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि ये पुलिसकर्मी कश्मीर से कन्याकुमारी और कीबितू से कच्छ तक देश की रक्षा में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस पर वह पुलिस कर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन शहीद पुलिस कर्मियों की शहादत का सम्मान करने तथा उनके परिजनों को यह विश्वास दिलाने के लिए मनाया जाता है कि जिस उद्देश्य के लिए उनके परिवार के सदस्य ने बलिदान दिया है उसे हर हालत में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस उन महान वीर पुलिस कर्मियों के सम्मान में मनाया जाता है जिन्होंने 21 अक्टूबर 1959 को चीन की साजिश का मुंह तोड़ जवाब देते हुए देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान दिया था।





गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान कश्मीर और पूर्वोत्तर के क्षेत्र में हमारे वीर पुलिस कर्मियों तथा सैनिकों के समर्पण से करीब करीब शांति बहाली हो गई है। उन्होंने कहा कि बहादुर सुरक्षाकर्मी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए समर्पित हैं। श्री शाह ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में दुनिया का सबसे बेहतर अपराधिक न्याय तंत्र स्थापित हो। इन नए कानून के पूरी तरह लागू हो जाने के बाद देश में किसी को भी न्याय के लिए 3 वर्ष से अधिक समय का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### पीएम बोले... दुनिया में मची उथल-पुथल के बीच भारत उम्मीद की किरण बना

## आशा का संचार कर रहा भारत

**● हरियाणा में भाजपा की जीत से भारत में स्थिरता का संदेश मजबूत हुआ हैः मोदी**
**● उड़ान योजना से बदली देश के विमानन क्षेत्र की तस्वीरः मोदी**

नयी दिल्ली,(एजे ंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एनडीटीवी वर्ल्ड समिट में वैश्विक स्तर पर भारत के उदय के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि 21वीं सदी श्भारत की सदीश क्यों है, देश किस तरह तेजी से आगे बढ़ रहा है और दुनिया भर के निवेशक भारत के सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने को लेकर कैसे उत्साहित हैं। एनडीटीवी वर्ल्ड को लॉन्च करते हुए पीएम मोदी ने भारत के विकास की गति और गति के बारे में बात की। प्रधानमंत्री ने कहा, ष्भारत की तेज वृद्धि – दुनिया में सबसे तेज – और देश में बुनियादी ढांचे के निर्माण को देखते हुए, कई वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने भारत के विकास के पूर्वानुमान को अपग्रेड किया है।ष उन्होंने आगे कहा कि ष्दुनिया भर के निवेशक भारत के विकास पर उत्सुकता से नजर रख रहे हैं और सबसे तेजी से बढ़ते बाजार में निवेश करने को लेकर उत्साहित हैं।ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उड़ान योजना ने भारत के विमानन क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है और देश में करोड़ों लोगों के लिए विमान यात्रा आसान हुई है। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने आम आदमी के लिए हवाई यात्रा सुलभ कराने के उद्देश्य से उड़े देश का आम आदमी (उड़ान) योजना शुरू की थी और इसके तहत छोटे मार्गों पर एयरलाइन




कंपनियों को सेवा देने के लिए कुछ वित्तीय मदद की भी व्यवस्था की गई है।श्री मोदी ने यहां एनडीटीवी ग्लोबल समिट 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, "आज, हम उड़ान के आठ साल मना रहे हैं, यह एक ऐसी पहल है, जिसने भारत के विमानन क्षेत्र को बदल दिया है। हवाई अड्डों की संख्या में वृद्धि से लेकर अधिक हवाई मार्गों तक, इस योजना ने करोड़ों लोगों की उड़ान तक पहुंच सुनिश्चित की है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि उड़ान योजना का व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा, "आने वाले समय में हम एविएशन सेक्टर को मजबूत करते रहेंगे और लोगों के लिए और भी बेहतर कनेक्टिविटी तथा आराम पर ध्यान केंद्रित करेंगे।" पिछले 10 वर्षों में भारत में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 150 से अधिक हो गई है। उड़ान योजना के बाद यात्रियों की संख्या दोगुनी से भी अधिक हो गई है। इससे पहले जहां देश में हर साल 17 करोड़ यात्री विमान यात्रा करते थे। यह संख्या 38 करोड़ तक पहुंच गई है। सरकार ने 10 वर्ष में बहुत से छोटे और मझोले शहरों को विमान नेटवर्क से जोड़ा है।

## खरगे, राहुल, प्रियंका ने जम्मू–कश्मीर में आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जम्मू–कश्मीर के गांदरबल में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। श्री खरगे ने सोमवार को कहा, "मैं जम्मू– कश्मीर के गांदरबल में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की हम कड़ी निंदा करता हूं जिसमे कई श्रमिक और एक डॉक्टर मारे गए हैं। लक्षित हिंसा का यह अमानवीय और घृणित कृत्य से भारत जम्मू–कश्मीर में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण से पीछे नहीं हटेगा। एक राष्ट्र के रूप में, हम आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में एक साथ हैं। पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।" श्री गांधी ने कहा, "गांदरबल में आतंकवादी हमले में एक डॉक्टर और प्रवासी मजदूरों समेत कई लोगों की हत्या बहुत ही कायरतापूर्ण और अक्षम्य अपराध है। सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं।" उन्होंने कहा, "आतंकवादियों का यह दुस्साहस जम्मू–कश्मीर में निर्माण का क्रम और लोगों का विश्वास कभी नहीं तोड़ पाएगा। आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में पूरा देश एकजुट है।"



## पुलिस स्मृति दिवसः सीएम योगी ने पुलिसकर्मियों का वर्दी भत्ता बढ़ाने की घोषणा की, 58 करोड़ का पड़ेगा व्यय भार

**● 115 शहीद कार्मिकों के आश्रितों को दी 36.20 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता**
**● एक हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक से किया गया सम्मानित**
**● गैंगस्टर एक्ट के तहत 77,811 अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई**

लखनऊ,(एजेंसी)। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बड़ी घोषणाएं की। इस मौके पर उन्होंने पुलिसकर्मियों का वर्दी भत्ता बढ़ाने का एलान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धि, बैरक में रहने वाले आरक्षियों के पुलिस अकोमोडेशन अलाउंस में 25 प्रतिशत की वृद्धि और राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय खेलकूद में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, आहार समेत अन्य मदों के लिए अगले वित्तीय वर्ष के बजट में 10 करोड़ रुपये बढ़ाने की घोषणा की। इन घोषणाओं पर प्रदेश सरकार 115 करोड़ रुपये का खर्च वहन करेगी। सीएम योगी ने बहु मंजिला आवास और प्रशासनिक भवन के रखरखाव के लिए 1,380 करोड़ रुपए के कॉरपस फंड की घोषणा की। वहीं अंतरराष्ट्रीय आयोजन में पुलिस बल पर आने वाले खर्च पर प्रस्तावित शुल्क लगाने की स्वीकृति की, जो पुलिस महानिदेशक के अधीन रहेगा। साथ ही इसका सम्मान प्रस्तावित कॉरपस नियमावली के तहत किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस शहीद स्मारक




पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिवगंत शहीद पुलिस कर्मियों को याद किया। दो शहीद पुलिसकर्मियों को सीएम ने दी श्रद्धांजलि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर सोमवार को पुलिस लाइन में दो शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित भी किया। हर साल 21 अक्तूबर को प्रदेश में शहीद हुए पुलिसकर्मियों की याद में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया जाता है। इस साल दो पुलिस कर्मी रोहित कुमार व सचिन राठी को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। आठ जून 2024 को फतेहगढ़ जिले के नवाबगंज थाने में तैनात सिपाही रोहित कुमार साथी पुलिसकर्मियों के साथ अवैध खनन की सूचना पर दबिश देने गए थे। अवैध खनन में लगे ट्रैक्टा ट्राली को एक बाइकसवार रास्ता बता रहा था। रोहित ने बाइक सवार का पीछा किया। इस दौरान आरोपियों ने रोहित की बाइक में टक्कर मार दी थी। इससे रोहित ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए थे। इस घटना में रोहित की मौत हो गई थी।

## मोगा में बंबीहा–बिश्नोई गिरोह के चार गुर्गे गिरफ्तार

मोगा,(एजेंसी)। एक बड़ी सफलता में पंजाब में मोगा पुलिस ने रंगदारी के लिये यहां एक व्यवसायी को निशाना बनाने की योजना बना रहे चार गिरोहबाजों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने बंबीहा गिरोह से जुड़े विदेश स्थित लकी पटियाल के एक सहयोगी को तीन अवैध हथियारों के साथ और मनप्रीत सिंह उर्फ घ्मनी भिंडर के तीन सहयोगियों को तीन अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। भिंडर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा हुआ है। श्री यादव ने कहा कि ये आरोपी रंगदारी के लिये मोगा में व्यवसायी को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे । उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं और बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज स्थापित करने के लिये जांच जारी है।



## एनसीपीसीआर को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**● मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूल में भेजने के निर्देश पर लगी रोक**

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम का कथित उल्लंघन करने वाले गैर–मान्यता प्राप्त मदरसों की मान्यता वापस लेने और छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने से संबंधित राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की ओर से जारी पत्र पर अमल करने पर केंद्र और राज्य सरकारों को रोक लगाने का सोमवार को आदेश दिया। पत्र में राज्यों से गैर–मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने के लिए कहा गया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जमीयत उलेमा–ए–हिंद की याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने दलील देते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पत्र और उत्तर प्रदेश तथा त्रिपुरा सहित कुछ राज्यों की मदरसे से संबंधित उक्त कार्रवाई पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। मुस्लिम संगठन ने उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा सरकारों की उस कार्रवाई को चुनौती




दी है, जिसमें गैर–मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। एनसीपीसीआर ने सात जून, 2024 को उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर निर्देश दिया कि आरटीई (शिक्षा का अधिकार) अधिनियम का पालन न करने वाले मदरसों की मान्यता वापस ली जाए। शीर्ष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपने आदेश में कहा, "एनसीपीसीआर के 07 जून, 2024 और 25 जून के पत्राचार तथा उसके अनुसार उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव के 26 जून के और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव द्वारा जारी 10 जुलाई तथा त्रिपुरा सरकार द्वारा जारी 28 अगस्त के विचारों के आदान–प्रदान पर कार्रवाई नहीं की जाएगी।" न्यायालय ने याचिकाकर्ता को याचिका में सभी राज्योंध्केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाने की भी स्वतंत्रता दी।यूपी सरकार ने यह दिया था आदेश अदालत ने उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा सरकार के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें गैर–मान्यता प्राप्त मदरसों और सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों में पढ़ने वाले गैर–मुस्लिम छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया था। शिक्षा के अधिकार अधिनियम का पालन न करने के कारण सरकारी अनुदान प्राप्तध्सहायता प्राप्त मदरसों को बंद करने की एनसीपीसीआर की सिफारिश और केंद्र तथा राज्यों द्वारा की गई कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने क्या कहा? सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि एनसीपीसीआर द्वारा सात जून और 25 जून को जारी किए गए 27 जून तक के संचार पर रोक लगाई जाती है और इसके बाद उठाए गए।

## वात्सल्य ग्राम की गौशाला में आई विश्व की सबसे छोटी पुंगनूर गाय

मथुरा,(एजेंसी)। विश्व में सबसे छोटे कद की पुंगनूर गाय अब मथुरा में वात्सल्य ग्राम की कामधेनु गौशाला में आ गई है। इस प्रकार की गाय अब तक मथुरा की किसी गोशाला या निजी व्यक्ति के पास नही थी।



वात्सल्य ग्राम की अधिष्ठात्री साध्वी ऋतंभरा ने बताया कि पुंगनूर गाय विश्व की सबसे छोटी प्रजाति की गाय है। दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के पुंगनूर शहर में पाई जाने वाली इस गाय का नाम इसके शहर पुंगनूर पर पड़ा है। इस गाय की औसत लंबाई दो से ढाई फीट तक होती है। इसके दूध में अन्य गायों की अपेक्षा वसा की मात्रा अधिक होती है। अन्य गायों की अपेक्षा इसका दूध अधिक पौष्टिक होता है, इसका मूत्र एवं गोबर बेचकर लोग व्यापार भी करते हैं मगर धीरे–धीरे अब यह नस्ल विलुप्त होने के कगार पर है, वात्सल्य ग्राम में पहले से ही भारतीय नस्लों गायों की श्री कामधेनु गौशाला स्थापित है। वात्सल्य ग्राम के जन संपर्क अधिकारी उमाशंकर राही ने बताया कि स्वर्ण कपिला गाय एवं पुंगनूर गाय की गौशाला का अलग से निर्माण किया गया है। जिसमें तीन स्वर्ण कपिला एवं पांच पुंगनूर नस्ल की गाय हैं। इन गायों को पालने का मुख्य उद्देश्य इनका संरक्षण और संवर्धन करना है। गायों के गोशाला में भेजने के पहले उनका विधिवत पूजन किया गया तथा आरती भी उतारी गई। गायों को बहुत करीने से सजाया भी गया है। गोशाला का उद्घाटन करते हुए संजय भैया ने कहा कि वात्सल्य ग्राम में यह पहली गौशाला है।

## बंगाल में तृणमूल और भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

कोलकाता,(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 13 नवंबर को छह विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुश्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि संगीता रॉय सीताई (सुरक्षित) से तथा जय प्रकाश टोप्पो मदारीहाट (सुरक्षित) से चुनाव लड़ेंगे। तलडांगरा से फाल्गुनी सिंघाबाबू, मिदनापुर (पश्चिम मिदनापुर जिला) से सुजॉय हाजरा,हरोआ से एसके रबीउल इस्लाम और नैहाटी से सनत देय चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने सीताई से दीपक कुमार रॉय, मदारीहाट से राहुल लोहार, नैहाटी से रूपक मित्रा और हरोआ से बिमल दास को उम्मीदवार बनाया है। शुभोजीत रॉय मिदनापुर से और अनन्या रॉय चौधरी तलडांगरा से उपचुनाव लड़ेंगे। गौरतलब है कि सत्तारूढ़ टीएमसी ने 2021 के विधानसभा चुनावों में पांच सीटें जीतीं और भाजपा ने मदारीहाट जीता। इस वर्ष लोकसभा में जीत के बाद इन छह क्षेत्रों के



मौजूदा विधायकों के इस्तीफे के कारण उपचुनाव कराया जा रहा है। वाम दलों और कांग्रेस ने अभी तक आगामी उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। मतगणना 13 नवंबर को होगी।एक दिन पहले भाजपा ने भी उम्मीदवार किए घोषित टीएमसी से एक दिन पहले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने शनिवार (19 अक्टूबर, 2024) को पश्चिम बंगाल की छह विधानसभा सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की. बीजेपी ने नैहाटी से रूपक मित्रा, हरोआ से बिमल दास, मदारीहाट से राहुल लोहार, मेदिनीपुर से सुभाजीत रॉय, तलडांगरा से अनन्या रॉय चक्रवर्ती और सिताई से दीपक कुमार रॉय को उम्मीदवार बनाया है। 13 नवंबर को उप–चुनाव, वाम मोर्चा–कांग्रेस की नहीं आई लिस्ट विपक्षी वाम मोर्चा और कांग्रेस ने अभी तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है. राज्य की छह सीटों पर 13 नवंबर को उप–चुनाव होंगे। जिन निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव होने हैं, उनमें अलीपुरद्वार जिले का मदारीहाट, कूच बिहार का सीताई, उत्तर 24 परगना के नैहाटी और हरोआ, बांकुरा के तलडांगरा और पश्चिम मेदिनीपुर जिले के मेदिनीपुर हैं।

## खादी अपनाएं

खादी का स्वर्णिम काल फिर से लौट रहा है। खादी की ब्रिकी दिनों दिन नये आयाम गढ़ रही है। घोर मॉर्डन युग और पहनावे के लिहाज से मन–मस्तिष्क पर हावी हो चुकी ब्रांडेड पश्चिमी सभ्यता के बीचोंबीच लोगों का खादी को अपनाना चमत्कार से कम नहीं है।लेकिन यह चमत्कार वास्तव में खादी ने किया है। अधिकृत रूप से पिछले सप्ताह खादी एंव ग्रामोद्योग बोर्ड ने बीते दस वर्षो के आंकड़े प्रस्तुत कर खादी की ब्रिकी के पूर्व के सभी रिकॉर्ड धवस्त हो जाना बताया है। खादी के विभिन्न उत्पादों की बिक्री में 400 फीसद का उछाल आया और इनके उत्पादन में 315 फीसद की बंपर बढ़ोतरी भी दर्ज हुई है। रिकॉर्ड स्तर पर 81 फीसद नये रोजगार सृजन भी हुए हैं। 2022–23 के वित्तीय वर्ष में 332.14 फीसद ब्रिकी, 267.52 फीसद प्रोडक्शन और 69.75 फीसद स्वरोजगार पैदा हुए हैं। रोजगार ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में पैदा हुए। वहां कताई, बुनाई के कारखानों में पुरुषों के मुकाबले महिलाएं अधिक भागीदार रहीं। आज खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अंतर्गत 9 उत्पादन केंद्र पूरे भारत में मौजूद हैं।

कहावत है कि श्ओल्ड इज गोल्ड्य। खादी की अचानक बेतहाशा ब्रिकी ने इसे चरितार्थ कर दिया है। शायद ब्रांडेड कपड़ों और आधुनिक चकाचौंध से लोग अब उबने लगे हैं। तभी फिर से अपनी जमीन की ओर मुड़ने को तत्पर हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक 2003–2013 में खादी का कारोबार 26109.08 करोड़ रुपये था, जो 2014–2023 में छलांग लगा कर 95956.68 करोड़ तक जा पहुंचा। इनमें खादी के निर्मित कपड़े अन्य उत्पादनों से कहीं अधिक हैं। जनमानस का खादी की ओर मुड़ना निश्चित रूप से श्स्वदेशी अभियान्त्य को पंख लगाने जैसा है। मौजूदा सरकार ने करीब एक दशक से स्वेदशी अभियान की अलख जगाए हुए है। खादी की भारी बिकवाली इस अभियान की सफलता पर मुहर लगाने जैसा है।खादी का कपड़ा खास है जो किसी धर्म–समुदाय से वास्ता नहीं रखता। सच्चे देशभक्त का अपना देशी कपड़ा है। चाहे अल्पसंख्यक हों, सिख हों, साधु–संत हों, या फिर मॉर्डन जमाने के शिक्षित युवा–युवती। सभी ने खादी को अपनाना आरंभ कर दिया है। खादी का आंदोलन, एक सामाजिक–सांस्कृतिक आख्यान, गांधी जी द्वारा मई, 1915 में सत्याग्रह आश्रम से शुरू किया गया था, जो गुजरात के अहमदाबाद जिले में साबरमती आश्रम के नाम से लोकप्रिय है।

## आज का राशिफल



डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुलाःआज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनुः आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकरः आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्घ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभः आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीनः आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# प्रतियोगी परीक्षाएं और ढहती शिक्षा प्रणाली

संजय पराते

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की निष्पक्ष तरीके से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को आयोजित कर पाने की असफलता ने न केवल इसमें घुसे भ्रष्टाचार को उजागर किया है, बल्कि हमारी समूची शिक्षा प्रणाली के ढहने की ओर भी इशारा किया है य जिसे नई शिक्षा नीति से सबको संस्कारित करने और कानून के जरिए पेपर लीक जैसे मामलों पर लगाम लगाने के ढपोरशंखी दावे की आड़ में दबाने की कोशिश की जा रही है। पूरे मामले को नैतिकता के आवरण में ढंका जा रहा है और इन मामलों में राजनीति न करने की अपील विपक्ष और देश की जनता से की जा रही है, जबकि शिक्षा प्रणाली का मुद्दा राजनीति से जुड़ा सीधा मसला है। असली मुद्दा यह है कि देश की शिक्षा प्रणाली को सार्वभौम और सार्वजनिक बनाया जाएगा या फिर अन्य क्षेत्रों की तरह ही उसका संपूर्ण निजीकरण किया जाएगा और उसे माल बनाकर कुछ व्यक्तियों और समूहों की इजारेदारी कायम की जाएगी। इस मूल सवाल से भाजपा और उसके संगी–साथी बचकर निकल जाना चाहते हैं।

पहले नीट (एनआईआईटी) के बारे में। जिस परीक्षा के नतीजे 14 जून को आने वाले थे, उसके नतीजे 4 जून को घोषित करना और उस समय, जब पूरा देश लोकसभा चुनाव नतीजों के हो–हल्ले में फंसा हो, आश्चर्य की बात थी। इससे आसानी से नतीजा निकाला जा सकता है कि परीक्षा के नतीजों को किसी शोरगुल में दबाने की साफ साजिश थी। परीक्षा के नतीजों में जो गड़बड़ियां सामने आई, वह इस बात को प्रमाणित करने के लिए काफी हैं।

किन गड़बड़ियों से इस परीक्षा के नतीजों पर प्रश्न चिन्ह लगे हैं? (री–नीट के बाद) कम–से–कम 61 ऐसे उम्मीदवार हैं, जिन्हें 720 में से 720 अंक मिले हैं, जबकि पिछले वर्ष आयोजित परीक्षा में ऐसे केवल 2 लोग ही थे। कई ऐसे उम्मीदवार हैं, जिन्हें 718 और 719 अंक मिले थे। गणितीय दृष्टि से, इस प्रकार के अंक मिलना असंभव है, क्योंकि बहु वैकल्पिक प्रश्नों वाली परीक्षा में प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक निर्धारित थे और प्रत्येक गलत उत्तर देने पर कुल सही प्राप्तांकों में से एक अंक कटना था। इस प्रकार, एक गलत उत्तर के साथ पूरा सही पेपर बनाने वाले उम्मीदवार को 715 अंक ही मिल सकते थे। एनटीए का स्पष्टीकरण है कि ऐसा 1563 उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स मिलने के कारण हुआ है, जिन्हें परीक्षा के लिए निर्धारित समय से कम समय मिला था, या उन्हें गलत उत्तर देने के लिए इसलिए ग्रेस अंक मिले हैं, क्योंकि कक्षा बारहवीं की एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक में अशुद्धियां थी और गलत जानकारी दी गई थी। लेकिन परीक्षा की मूल योजना में ग्रेस मार्क्स की कोई अवधारणा नहीं थी और इससे काफी पीछे के उम्मीदवार सामने आ गए थे। बाद में एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ग्रेस मार्क्स वापस लेकर ऐसे उम्मीदवारों के लिए पुनरू परीक्षा आयोजित की है। यह भी अब विवाद के दायरे में है कि ऐसे उम्मीदवारों के लिए परीक्षा आयोजित करना उचित था, क्योंकि उम्मीदवारों को कम समय मिलने की बात संबंधित परीक्षा केंद्रों के प्रभारियों ने नकार दी है। इससे यह सवाल सहज ही उठ खड़ा होता है कि क्या कुछ परीक्षा केंद्रों को कुछ विशेष उम्मीदवारों के लिए बनाया गया था, जहां उन्हें अनुचित लाभ दिलाया जा सके? यह आशंका इसलिए भी सही है कि कुछ परीक्षा केंद्रों के कुछ उम्मीदवारों को लाइन से ऐसे उच्च अंक मिले हैं। इसके साथ ही, सरकार के निर्देशन में एनसीईआरटी द्वारा तैयार हमारे पाठ्य पुस्तकों की सटीकता पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है। इस घपले–घोटाले के उजागर होने के बाद ताबड़तोड़ तरीके से एक के बाद एक दूसरी प्रतियोगी परीक्षाएं भी बिना किसी उजागर कारण के स्थगित की गई है, जिससे यह स्पष्ट अनुमान लगाया जा सकता है कि इन परीक्षाओं के पर्चे भी लीक हो चुके थे और कुछ उम्मीदवारों को नाजायज फायदा दिलाने की सेटिंग हो चुकी थी।

एनटीए जिन प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन करता है, उनमें हर साल लगभग 1.25 करोड़ परीक्षार्थी शामिल होते हैं और नीट के घपले के साथ अन्य स्थगित परीक्षाओं से कम से कम 50 लाख विद्यार्थी प्रभावित हुए हैं और इसलिए देश का छात्र समुदाय नीट को पुनरू आयोजित करने तथा एनटीए को खत्म किए जाने की मांग कर रहा है, तो इसमें गलत कुछ नहीं है। पूरे देश के स्तर पर आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, अपारदर्शिता और प्रक्रियागत विफलता से केंद्र सरकार भी बरी नहीं हो सकती, इसलिए सभी प्रभावित छात्रों को केंद्र सरकार द्वारा मुआवजा दिए जाने और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग भी जोर पकड़ती जा रही है। इस मामले में इंडिया समूह से जुड़े राजनैतिक दलों के छात्र संगठन भी एकजुट हो रहे हैं, जिन्होंने 3 जुलाई को जंतर मंतर में एक बड़ा विरोध प्रदर्शन करने के बाद 4 जुलाई को अखिल भारतीय छात्र हड़ताल का आह्वान किया है।

अब एनटीए के बारे में। वर्ष 2018 तक नीट और नेट जैसी परीक्षाएं सीबीएसई द्वारा आयोजित की जाती थी, जो केंद्र सरकार द्वारा नियंत्रित होती है और जिसकी सीधी जवाबदेही जनता के प्रति बनती है। 2018 के बाद इन परीक्षाओं के आयोजन की जिम्मेदारी एनटीए को सौंप दी गई, जो सोसायटी एक्ट के तहत मात्र एक पंजीकृत संस्था है। हालांकि इसके सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार करती है, लेकिन यह यह संस्था सरकार के किसी अधिनियम से शासित नहीं है और इसलिए आम जनता के प्रति इसकी कोई जवाबदेही भी नहीं बनती। अगस्त 2023 में प्रदीप जोशी नाम के व्यक्ति को इस संस्था के चेयरमैन पद पर मोदी सरकार ने बैठा दिया, जिनके पास विशिष्ट योग्यता यह थी कि वे आरएसएस के ष्खांटी स्वयंसेवक और पूर्व एबीवीपी नेताष थे, (नीट कांड के बाद अब इस महानुभाव को हटा दिया गया है)। इस संस्था के पास अपना कहने वाले कर्मचारियों की संख्या केवल 25 हैं और अन्य निजी संस्थाओं (आऊट सोर्सिंग) के जरिए ही यह पूरे देश में परीक्षाओं का आयोजन करती है। ये संस्थाएं किस स्तर पर किस प्रकार की गड़बड़ियों, हेर–फेर और भ्रष्टाचार में शामिल है, इसका पता तब ही चलता है, जब लाखों परीक्षार्थियों का भविष्य बर्बाद हो चुका होता है और इसकी जिम्मेदारी लेने के लिए कोई सामने नहीं आता, सरकार भी नहीं। साफ है कि मोदी राज में एक सार्वजनिक और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली का आऊट सोर्सिंग के जरिए पूरी तरह निजीकरण कर दिया गया है, जिसमें पारदर्शिता और उत्तरदायिता का तत्व पूरी तरह से गायब है।

द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच सालों में 15 राज्यों में कम–से–कम 48 पेपर लीक के मामले सामने आए हैं और इसने लगभग 1.2 लाख पदों के लिए कम–से–कम 1.4 करोड़ आवेदकों के जीवन को प्रभावित किया है। इन सभी में राज्य स्तरीय परीक्षाओं का संचालन आऊट सोर्सिंग के जरिए किया गया था। साफ है कि निजीकरण की राह पर चलने वाली राज्य सरकारों ने भी स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षाओं के आयोजन की अपनी जिम्मेदारी को छोड़ दिया है।

हर क्षेत्र का निजीकरण मोदी सरकार का मूल मंत्र है और एनटीए के जरिए परीक्षाओं का आयोजन इसी नीति का हिस्सा है। वैसे भी मोदी सरकार उच्च पदों पर भर्ती का अधिकार सीधे अपने हाथ में लेना चाहती है, तो प्रतियोगी परीक्षाओं की भी कोई प्रासंगिकता नहीं रहने वाली है।

अब एक श्रद्धांजलि ढहती शिक्षा प्रणाली के लिए। हालांकि शिक्षा एक विषय के रूप में संविधान की समवर्ती सूची में है, लेकिन मोदी सरकार द्वारा इस क्षेत्र में भी संघवाद का उल्लंघन करके राज्यों का अधिकार हड़पा जा रहा है। मोदी सरकार द्वारा लागू की जा रही नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य शिक्षा का निजीकरण करना और पाठ्यक्रम में आरएसएस के सांप्रदायिक नजरिए को घुसाना, और इस प्रकार सार्वभौमिक और वैज्ञानिक शिक्षा प्रदान करने के लिए आवश्यक धर्मनिरपेक्ष वस्तुपरकता का त्याग करना है। नतीजन, पूरे देश में सरकारी स्कूल बंद हो रहे हैं और निजी स्कूलों की संख्या बढ़ रही है। मोदी सरकार के आंकड़ों के अनुसार ही, देश में वर्ष 2018–19 में स्कूलों की संख्या 15,50,476 थी, जो वर्ष 2021–22 में घटकर 14,89,115 रह गई थी। दो वर्षों में ही 61,361 स्कूलों के कम होने का अर्थ है, 5–6 करोड़ बच्चों का शिक्षा क्षेत्र से बाहर होना। निश्चित ही, ये बच्चे कमजोर सामाजिक–आर्थिक समुदाय से ताल्लुक रखते हैं और इनमें से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों से होंगे। साफ है कि हमारे बच्चों को ष्संस्कारितष करने का दावा करने वाली यह शिक्षा नीति गरीब और पिछड़े समुदायों के बच्चों को अज्ञानता के अंधकार में ही ढकेलने वाली साबित होने जा रही है। यह नीति उच्च शिक्षा के स्तर से आम जनता को वंचित करने की सोची–समझी नीति है।

जिस प्रकार पौराणिक कथाओं और मिथकों को इतिहास के रूप में स्थापित करने की मुहिम चलाई जा रही है, वह देश के जन मानस को आधुनिक और वैज्ञानिक विश्व दृष्टि से दूर करने का ही काम करेगी। इसी संदर्भ में, एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों में त्रुटियों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। एक स्वस्थ और वैज्ञानिक शिक्षा हमारे देश की विविधता में एकता को बढ़ावा देगी, लेकिन एक पोंगापंथी और सांप्रदायिक शिक्षा विविधता में एकता को छिन्न–भिन्न करेगी, सौहार्द्र और सद्भाव की जगह नफरत का प्रचार करेगी। मोदी–शाह के नेतृत्व में संघी गिरोह शिक्षा नीति का एक ऐसे हथियार के रूप उपयोग करना चाहता है, जिसके जरिए धर्मनिरपेक्ष भारत को एक ष्संकीर्णतावादी और फासीवादी हिंदू राष्ट्रष में तब्दील किया जा सके।

शिक्षा नीति को एक सांप्रदायिक हथियार में ढालकर पूरी शिक्षा प्रणाली को बर्बाद करने और परीक्षा प्रणाली का निजीकरण करके चंद धनाढ्यों के लिए अवसर सुनिश्चित करने की मोदी सरकार की साजिशों के खिलाफ आम जनता और इस देश के छात्र समुदाय को लड़ना होगा। 4 जुलाई को आहूत अखिल भारतीय छात्र हड़ताल इसकी अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है। यह संघर्ष मोदी सरकार के कुकर्मों को अनकिया करने तक जारी रहने की घोषणा है।

# यह युद्ध का समय नहीं

यह महज संयोग है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मास्को में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और वियना में ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ वैश्विक शांति के लिए बुद्ध के उपदेशों पर चर्चा करते हुए अपनी बात को दोहरा रहे थे कि यह युद्ध का समय नहीं है, लगभग उसी समय वाशिंगटन में अमेरिका की अगुवाई वाले नाटो के सदस्य देश रूस–यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में घी डालने का काम कर रहे थे।

उनका विश्वास है कि रूस युद्ध का समर्थक है और उसने यूक्रेन पर आक्रमण किया है। इतना ही नहीं, रूस यूरोप सहित पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए चुनौतियां पेश कर रहा है।

इसलिए नाटो देशों ने घोषणा की है कि अगले एक वर्ष के दौरान यूक्रेन को 40 अरब यूरो डॉलर की सैन्य सहायता दी जाएगी। फरवरी, 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है जिसमें हजारों निदरेष नागरिक मारे गए हैं।यह सब जानते हुए भी अमेरिका और पश्चिमी देश रूस को चिढ़ाने का काम कर रहे हैं। अमेरिका यूक्रेन को अभी तक 50 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता दे चुका है। हाल में उसने घोषणा की है कि वह 2026 में जर्मनी में लंबी दूरी की मिसाइलें तैनात करेगा।इसका उद्देश्य रूस की चुनौतियों का सामना करना है। इसका स्पष्ट मतलब है कि अमेरिका और पश्चिमी देश नहीं चाहते कि शांति वार्ता की मेज पर एक साथ बैठ कर विमर्श करें।राष्ट्रपति पुतिन इस संकेत से अनजान नहीं हैं। शायद इसीलिए उन्होंने पिछले महीने स्विटजरलैंड में आयोजित यूक्रेन शांति सम्मेलन में शामिल होने से इंकार कर दिया।पश्चिमी देश पुतिन को आक्रमणकारी और रक्त पिपासू ठहराते हैं लेकिन यह सच नहीं है। वस्तुतरू यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनाने की घोषणा के कारण पुतिन को अपने पड़ोसी पर हमला करने के लिए मजबूर होना पड़ा। सही मायने में नाटो का विस्तार रूस की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है।

चीन का भी ऐसा ही मानना है। प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर को 19वीं सदी की उस ऐतिहासिक वियना कांग्रेस की याद दिलाई जिसने यूरोप में शांति और स्थिरता कायम करने में महती भूमिका निभाई थी।चांसलर नेहमर को विश्वास है कि भारत रूस–यूक्रेन शांति प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। लेकिन हकीकत यह है कि इस शांति प्रक्रिया में नाटो को आगे आना होगा वरना पूरी दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की चपेट में आ सकती है।



# सबसे बड़ा पाप गद्दारी

शकील अख्तर

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने बहुत बड़ी बात कह दी। सब धर्माचार्यों को इस तरह सच बोलने का साहस दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिदू धर्म में पाप पुण्य का कॉन्सेप्ट है। और इसमें सबसे बड़ा पाप विश्वासघात है। बहुत सही बात। सभी धर्मों में अलग अलग शब्दों में यही कहा गया है। अहसान फरामोशी, अमानत में खयानत इस्लाम में बहुत बुरा माना गया है। शेक्सपियर का यह वाक्य तो दुनिया में सबसे ज्यादा दोहराया जाने वाला है यू टू ब्रूटस! तुम भी! ईसाइयों में ईसा मसीह को धोखा देने वाले यहूदा को कभी माफ नहीं किया।

पूरा मानव इतिहास भरा पड़ा है इस एक बुराई पाप की निंदा में। सेना में सुरक्षा बलों में सबसे ज्यादा गंभीर अपराध डबल क्रॉस को माना जाता है। दोनों तरफ के अधिकारी इसे कभी माफ नहीं करते हैं। अगर आप चाहें तो एक सच्ची घटना सुनाएं। जम्मू कश्मीर के कुछ पत्रकार दोस्तों को मालूम है। मिलिटेंसी में पत्रकारों की भी मशरूम ग्रोथ होती है। अखबारों को जरूरत होती है तो वह किसी भी स्थानीय आदमी को रख लेते हैं। जरूरी नहीं कि उन्हें लिखना पढ़ना भी आता हो।

एक नाम बाईलाइन में डालकर वे यह बताते थे कि हमारा संवाददाता भी फील्ड में है। उसे पहचान पत्र दे देते थे। और वह सब जगह घूमना शुरू कर देता था। कुछ खबर बताना हो तो फोन पर बोलकर बता देता था। तो ऐसे तमाम लोग आतंकवाद ग्रस्त क्षेत्रों में पत्रकार बन जाते थे। पंजाब में बने। जम्मू कश्मीर में। ज्यादातर तो अखबार में नाम छपने और अधिकारियों से संपर्क बनाने में खुश रहते थे। मगर सुरक्षा एजेंसियां इन पर कड़ी नजर रखती थीं। इनसे सूचना लेने का काम भी करती थीं। लेकिन जैसा विश्वास वे प्रोफेशनल पत्रकारों पर करती थीं वैसा नहीं।

तो हां हम आपको जो बात बता रहे थे वह यह कि ऐसे ही एक बड़े हिंदी अखबार के संवाददाता पर एक सुरक्षा बल को संदेह था। एक बार ज्यादा नाराज हो गए। सीमावर्ती इलाके का टूर था। सेना और अन्य सुरक्षा बल करवाते रहते थे। नियत्रंण रेखा पर थोड़ा सा पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में भी घुमा लाते थे। उस दिन केवल एक पत्रकार को उस तरफ ले जा रहे थे। सुरक्षा बल के सभी बड़े अधिकारी उन दिनों दोस्त थे। काम की कद्र करते थे। तो थोड़ा अजीब लगा। उनसे पूछा। तो जो जवाब मिला वह दिल दहला देने वाला था। उन्हें उसके डबल एजेंट होने पर कुछ सबूत मिले थे। यह तो हम सहित दूसरे कुछ पत्रकारों को मालूम था कि उस पर निगाह है। और सुरक्षा बल उससे कुछ काम भी करवाते हैं। उसके उधर होने पर भी कुछ लोगों को संदेह था। जम्मू का स्थानीय निवासी था। पहले कभी पत्रकार नहीं रहा था। सीधा उस अखबार ने आई कार्ड दे दिया था। उस दिन अफसर उसे उस तरफ ले जाकर कुछ करना चाह रहे थे। वहां अपने काउंटर पार्ट से भी उनकी कोई बात हुई थी। और शायद वे भी डबल क्रॉस को जान गए थे।

आप जिस टूर पर हों और वहां कुछ हो जाए। बहुत ही शॉक पहुंचाने वाली बात होती है। बड़ी मुश्किल से अपने अफसरों को समझाया। उन्होंने माफ किया। बड़ी बात थी। नहीं तो उनका कहना था कि एक बार हम उस तरफ से गोली चलाने वाले को छोड़ दें मगर डबल क्रॉस करने वाले को कभी नहीं। और हम ही नहीं वह भी नहीं। यहां बात को समझने के लिए यह बता दें कि सीमा पर दोनों देशों के सुरक्षा बल भी कुछ कुछ मामलों में जैसे डबल क्रॉस, स्मगलिंग पर सूचनाओं का आदान प्रदान करते रहते हैं।

तो सेना सुरक्षा बल से लेकर हर धर्म, मानवता सब जगह अंग्रेजी में बिट्रे, हिंदी में विश्वासघात उर्दू में गद्दारी बहुत बुरी बात नाकाबिले माफी मानी जाती है। शंकराचार्य ने इस पाप को महापाप बताकर धर्म और इतिहास की कई यादें दिला दी हैं। विभीषण राम का साथ देने के बावजूद आज भी खलनायक ही हैं। धर्माचार्यों का काम ही यह होता है कि वे आम धारणाओं, सामान्य सिद्धांतों से उपर उठकर नई स्थापना दें।

अविमुक्तेश्वरानंद इससे पहले भी बहुत बड़ी बात कह चुके हैं। जब उनसे एक प्रमुख एजेंसी के पत्रकार ने झूठ बोलता हुआ सवाल पूछा कि राहुल गांधी ने यह कहा है। शंकराचार्य जी ने कहा कि कौआ कान ले गया सुनकर पहले अपना कान देखो। कौए के पीछे मत भागो। हमने पूरा वीडियो मंगाकर देखा। राहुल ने वह बात कहीं कही नहीं है जो तुम कह रहे हो। राहुल गांधी ने कहीं हिंदू को हिसंक नहीं कहा। राहुल उन लोगों को कह रहे हैं जो नफरत फैलाते हैं। और राहुल ने नाम लेकर लोकसभा में साफ कहा कि बीजेपी आरएसएस और मोदी सरकार नफरत और हिंसा फैलाते हैं।

शंकराचार्य ने सारे झूठ का पर्दाफाश कर दिया। हिंदू, मुसलमान, ईसाई, सिख सबके धर्माचार्यों को इसी तरह सच बोलने से परहेज नहीं करना चाहिए। कभी कभी अप्रिय सत्य भी होता है। मगर बाद में उस धर्म के मानने वालों के लिए लाभदायक होता है। लेकिन लोग शंकराचार्य की बात को धर्म से ज्यादा राजनीति से जोड़कर देख रहे हैं। लेकिन यह राजनीति की बात नहीं है। मानवीय मूल्यों की है धर्म के उच्च सिद्दांतों की है। उद्धव ठाकरे ने अच्छी भली चल रही उनकी सरकार को गिराए जाने वाले लोगों के लिए खुद धोखेबाज शब्द का इस्तेमाल किया था।

राजनीति में ऐसे उदाहरण बहुत कम मिलते हैं जब किसी धोखा खाए आदमी ने इतने संयम और गरिमा से अपनी बात कही हो। जिन एकनाथ शिंदे और दूसरे लोगों को शिवसेना ने बनाया हो उनके इतने बड़े विश्वासघात के बावजूद उन्होंने किसी के लिए कठोर शब्द नहीं कहे। मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा मगर जनता उनकी मुरीद हो गई। महाराष्ट्र में एक से एक बड़े नेता मुख्यमंत्री रहे हैं। मगर उनका छोटा सा कार्यकाल लोगों में एक अलग छाप छोड़ गया। इसी का परिणाम है कि अभी लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबसे बड़ा झटका यूपी के बाद महाराष्ट्र में ही लगा।

जहां उसे 48 में से केवल नौ सीटें ही मिलीं। और मुख्यमंत्री, जो खुद को असली शिवसेना बताते हैं और चुनाव आयोग ने भी इसे मान लिया उनको उद्धव ठाकरे की शिवसेना से दो सीटें कम मिलीं। उद्धव के प्रभाव से ही इंडिया गठबंधन को वहां 30 सीटें मिली। एनडीए केवल 17 पर सिमट गया। और एक जो निर्दलीय जीता वह भी कांग्रेस में शामिल हो गया। महाराष्ट्र में इसी साल विधानसभा चुनाव होना हैं। और उसी में विश्वासघातियों का फैसला हो जाएगा।

भारतीय राजनीति में दो बड़े उदाहरण हैं। एक वीपी सिंह का। राजीव गांधी के साथ उन्होंने बहुत बड़ा धोखा किया। परिणाम वीपी सिंह अकेले होकर दुनिया से गए। दूसरा उदाहरण आडवाणी का। 1999 में सरकार बनी वाजपेयी के कारण। लोगों की उनके साथ सहानुभूति थी। मगर सरकार बनने के बाद उन्हें ही मुखौटा साबित किया जाने लगा। आडवाणी खुद को असली चेहरा बताने लगे। नतीजा उसके बाद आडवाणी लगातार अकेले और अवांछित होते चले गए। उदाहरण कुछ और भी हैं। संजय जोशी और तोगड़िया के। धोखा उन्हें भी तगड़ा मिला है। इसलिए विश्वासघात पर शंकराचार्य की बात बहुत महत्वपूर्ण है। और यह दूर तक जाएगी। कई नई कहानियां सामने आएंगी।

## पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रेलगाड़ियों का गोविंदपुरी स्टेशन पर अस्थाई रूप से ठहराव हटाया जाना एवं मार्ग परिवर्तन

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रयागराज मंडल के टूंडला-कानपुर सेंट्रल खंड में गोविंदपुरी स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 01 (लाइन संख्या 01, अप कॉमन लूप लाइन) पर बैलास्ट रहित ट्रैक के निर्माण हेतु पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रेलगाड़ियों का अस्थाई रूप से ठहराव हटाये जाने और निम्न रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है-

**1. अप दिशा में प्लेटफार्म उपलब्ध न होने के कारण गोविंदपुरी स्टेशन पर निम्नलिखित ट्रेनों का ठहराव अस्थायी रूप से हटाया गया है:-**

| गाड़ी सं. | गाड़ी का नाम | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 01802 | कानपुर सेंट्रल-मानिकपुर मेमू | 08.11.2024 से 22.12.2024 तक |
| 04159 | कानपुर सेंट्रल-इटावा मेमू | 08.11.2024 से 22.12.2024 तक |
| 01814 | कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी मेमू | 08.11.2024 से 22.12.2024 तक |
| 04187 | कानपुर सेंट्रल-टूंडला मेमू | 08.11.2024 से 22.12.2024 तक |
| 04144 | कानपुर सेंट्रल-खजुराहो | 08.11.2024 से 22.12.2024 तक |
| 04103 | कानपुर सेंट्रल-फफूंद मेमू | 08.11.2024 से 22.12.2024 तक |
| 11110 | लखनऊ-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी इंटरसिटी | 08.11.2024 से 22.12.2024 तक |
| 01824 | लखनऊ-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 08.11.2024 से 22.12.2024 तक |
| 04191 | कानपुर सेंट्रल-फफूंद मेमू | 08.11.2024 से 22.12.2024 तक |

**2. गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| गाड़ी सं. | गाड़ी का नाम | मौजूदा मार्ग | परिवर्तित मार्ग | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि | अस्थायी ठहराव का स्टेशन और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 03309 | धनबाद-जम्मूतवी | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (2355-0005) |
| 03575 | आसनसोल-आनंद वि.(ट.) | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (0020-0025) |
| 02525 | कामाख्या-आनंद वि.(ट.) | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (0230-0235) |
| 02245 | पटना-निजामुद्दीन | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (0310-0315) |
| 09458 | दानापुर-अहमदाबाद | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (0325-0330) |
| 04077 | पटना-आनंद विहार (ट.) | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (0335-0340) |
| 02393 | पटना-नई दिल्ली | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 07.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (0420-0425) |
| 03435 | मालदा टाउन-आनंद वि-(ट.) | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (0725-0730) |
| 04125 | सूबेदारगंज-बांद्रा (ट.) | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (0750-0755) |
| 04047 | कटिहार-आनंद वि.(ट.) | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 07.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (1030-1035) |
| 09570 | बरौनी-राजकोट | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (1240-1245) |
| 02261 | दरभंगा-नई दिल्ली | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 07.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (1300-1305) |
| 04069 | राजगीर-नई दिल्ली | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (1335-1340) |
| 03007 | हावड़ा-खातीपुरा | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (1430-1435) |
| 09068 | बरौनी-उधना | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (1735-1740) |
| 09062 | गाजीपुर सिटी-उधना | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (1820-1825) |
| 09526 | नहारलागुन-हापा | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (1935-1940) |
| 09118 | सूबेदारगंज-सूरत | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (2215-2220) |
| 02397 | गया-आनंद विहार (ट.) | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (2220-2225) |
| 05219 | मुजफ्फरपुर-आनंद वि.(ट.) | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (2305-2310) |
| 05671 | गुवाहाटी-आनंद वि.(ट.) | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 07.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (2305-2310) |
| 12946 | बनारस-वेरावल एक्स. | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (1235-1240) |
| 14033 | सूबेदारगंज-श्री माता वैष्णव देवी कटड़ा एक्स. | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 07.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (1300-1305) |
| 20962 | बनारस-उधना एक्स. | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी-पनकी धाम | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (2225-2230) |
| 22197 | कोलकाता-वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-गोविंदपुरी | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (0325-0330) |
| 15101 | छपरा-लोक. तिलक ट.एक्स. | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-गोविंदपुरी | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (0750-0755) |
| 22467 | वाराणसी-गांधीनगर कैपिटल एक्स. | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-गोविंदपुरी | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (2230-2235) |
| 20415 | वाराणसी-इंदौर | चंदारी-कानपुर लोको-गोविंदपुरी | चंदारी-कानपुर सेंट्रल-गोविंदपुरी | 08.11.24 से 22.12.24 | कानपुर सेंट्रल (2030-2035) |

ट्रेनों की समय–सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App. या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1823/24 FA


# गुड्डू मुस्लिम, साबिर व अरमान के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, उमेश पाल हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई

प्रयागराज। उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहे पांच लाख के तीन इनामी शूटरों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की कर दी गई है। इनमें गुड्डू मुस्लिम के साथ ही साबिर व अरमान शामिल हैं। तीनों हत्याकांड के बाद से ही लगभग डेढ़ साल से फरार हैं। उनके खिलाफ पूर्व में कुर्की की कार्रवाई भी की जा चुकी है। तीनों उमेश पाल हत्याकांड के नामजद आरोपी हैं। घटना के बाद ही उनके खिलाफ पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। तलाश में एसटीएफ तक लगी लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। गुड्डू मुस्लिम मूल रूप से शिवकुटी के लाला की सराय, साबिर पूरामुफ्ती के मरियाडीह व अरमान सिविल लाइंस का रहने वाला है। तीनों उमेश पाल व उनके दो सरकारी गनर की हत्या की घटना के सीसीटीवी फुटेज में भी नजर आए हैं। गुड्डू मुस्लिम ने घटना के दौरान उमेश व उनके गनर राघवेंद्र सिंह पर बम से हमला किया था जबकि साबिर व अरमान ने कार में बैठे गनर संदीप निषाद पर राइफल व पिस्टल से गोलियां बरसाई थीं। कुर्की की कार्रवाई के बाद भी वह कोर्ट में हाजिर नहीं हुए और इसी क्रम में अब पुलिस ने उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें बताया गया है कि वारदात को अंजाम देने में तीनों शामिल थे और सीसीटीवी फुटेज, अन्य अभियुक्तों के बयान व विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों से इसकी पुष्टि हुई है। तमाम प्रयासों के बावजूद वह गिरफ्तार नहीं हुए और आदेश के बावजूद कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। उन पर अदालत के आदेश की अवमानना का भी केस दर्ज किया जा चुका है। ऐसे में उनके खिलाफ चार्जशीट लगाई गई है। डीसीपी नगर अभिषेक भारती ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट लगा दी गई है। इस प्रकरण में 50 हजार की इनामी शाइस्ता परवीन समेत अतीक अहमद के परिवार की तीन महिलाएं भी आरोपी हैं, जिनकी तलाश जारी है। इनमें अशरफ की पत्नी जैनब उर्फ रूबी और अतीक–अशरफ की बहन आयशा नूरी शामिल हैं। तीनों घटना के बाद से फरार हैं। मेरठ निवासी आयशा नूरी का शौहर इकलाख अहमद भी इस हत्याकांड का आरोपी है और जेल भेजा जा चुका है। उमेशपाल हत्याकांड में अब तक 15 आरोपियों पर चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। इनमें से 12 जेल में हैं जबकि तीन फरार हैं। जेल में निरुद्ध आरोपियों में अतीक के दो बेटे उमर व अली भी शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि इस प्रकरण में जिन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट लगाई जा चुकी है, उनके खिलाफ जल्द ही गैंगस्टर की भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को इस बात के प्रमाण मिले हैं कि यह गैंग आर्थिक लाभ के लिए संगठित होकर अपराध करता रहा है। पूर्व में यह गैंग अतीक व अशरफ की सरपरस्ती में संचालित होता रहा। जबकि अब इसका सरगना अतीक का बेटा अली है। माना जा रहा है कि जल्द ही इस गैंग पर शिकंजा कसा जाएगा। इस मामले में अब चौथी पूरक चार्जशीट दाखिल की गई है। सबसे पहले प्रारंभिक चार्जशीट मई 2023 में सदाकत खान के खिलाफ दाखिल की गई थी। इसके बाद पहली पूरक चार्जशीट 17 जून 2023 को खान शौलत हनीफ, इकलाख अहमद समेत आठ आरोपियों के खिलाफ लगाई गई। अक्तूबर 2023 में विजय मिश्रा के खिलाफ दूसरी पूरक चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित की गई। इसी साल जुलाई में उमर व अली के खिलाफ तीसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की गई थी।

# महामंडलेश्वर हिमांगी ने भी बनाया अलग अर्धनारीश्वर धाम, आठ देशों के विदेशी किन्नरों को देंगी दीक्षा

प्रयागराज। महाकुंभ में किन्नर समाज को एकजुट करने के लिए पृथक अर्धनारीश्वर धाम का भी गठन किया गया है। इसकी स्थापना निर्मोही अखाड़े की महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी ने की है। पशुपति पीठ नेपाल से जुड़ी स्वामी हिमांगी ने रविवार को महाकुंभ में महामंडलेश्वर और मंडलेश्वर के पदों पर किन्नर समाज के वंचित संतों का अभिषेक कराने का ऐलान किया। पांच भाषाओं में श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराने वाली किन्नर महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव भी लड़ चुकी हैं। स्वामी हिमांगी ने किन्नरों के उत्थान के लिए मुंबई में अर्धनारीश्वर धाम स्थापित किया है। महामंडलेश्वर हिमांगी इस बार महाकुंभ में अलग–अलग भाषाओं में श्रीमद्भागवद् कथा करेंगी। अर्धनारीश्वर धाम के शिविर में कथा के अलावा सामाजिक विषयों पर जागरूकता मुहिम, पूजन–हवन और भंडारा चलेगा। इसमें बड़ी संख्या में देश–विदेश के शिष्य और किन्नर शामिल होंगे। संगम की रेती पर किन्नर माहभर शिविर में रहकर दोनों वक्त गंगा स्नान और कल्पवास करेंगे। महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी ने बताया कि महाकुंभ के दौरान शिविर में जर्मनी, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, ब्राजील, रूस, नेपाल सहित अन्य देशों से बड़ी संख्या में शिष्य परिवार सहित आएंगे। यह सभी लोग माहभर संगम की रेती पर कल्पवास करेंगे। महाकुंभ में आने वाले देश–विदेश के श्रद्धालु और किन्नर संत अयोध्या धाम जाकर भगवान श्रीराम का दर्शन–पूजन भी करेंगे। इस दौरान प्रयागराज के आसपास के प्रमुख धार्मिक धार्मिक स्थलों वाराणसी, चित्रकूट, कौशाम्बी, कुशीनगर, मिर्जापुर सहित अन्य स्थानों पर जाकर वह पूजन–अर्चन करेंगे। महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां ने बताया कि जिस तरह केंद्र–प्रदेश सरकारें, महाकुंभ का प्रचार–प्रसार देश और विदेश में कर रही हैं। उससे बड़ी संख्या में स्नानार्थी और श्रद्धालु तीर्थराज प्रयागराज में एकत्र होंगे। इस दौरान अर्धनारीश्वर धाम में महामंडलेश्वर और मंडलेश्वर की भी पदवी प्रदान की जाएगी। ऐसे किन्नर संतों का मौनी अमावस्या के दिन पट्टाभिषेक किया जाएगा। महामंडलेश्वर हिमांगी सखी महाकुंभ की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए 28 अक्तूबर को आएंगी। इस दौरान कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद से मिलकर अर्धनारीश्वर धाम के लिए जमीन, सुविधा का आवेदन करेंगी।



श्रीपंच दशनाम संत श्रीगुरुदत्त अखाड़े की ओर से 26 अक्तूबर को होने वाले पट्टाभिषेक समारोह में सभी 13 अखाड़ों को न्योता भेजा गया है। इसके लिए चौफटका में अनंतमाधव मंदिर से लगे कैंटोनमेंट बोर्ड की भूमि पर भव्य पंडाल लगाया जाएगा। पट्टाभिषेक समारोह में हिस्सा लेने के लिए संरक्षक चेतन गिरि और संस्थापक आदित्यनंद गोल्ड गिरि 25 अक्तूबर को यहां पहुंचेंगे। पंचदशनाम श्री संत गुरुदत्त अखाड़ा के संरक्षक चेतन गिरि, संस्थापक स्वामी आदित्यनंद गोल्ड गिरि और महामंत्री वीरेंद्रानंद गिरि ने रविवार को संयुक्त बयान में कहा कि वह किसी अखाड़े या संत, महात्मा का विरोध करने नहीं आए हैं। स्वामी गोल्ड गिरि ने बताया कि इस पट्टाभिषेक समारोह में सभी अखाड़ों को आमंत्रित किया गया है। किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पट्टाभिषेक समारोह में गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने का संकल्प लिया जाएगा। उनका कहना है कि नव गठित अखाड़ा वंचित संतों के सम्मान की लड़ाई लड़ेगा। यह अखाड़ा झूठी शान और पहचान का मोहताज नहीं है। सनातनी संस्कृति के उत्थान के लिए अखाड़ा काम करेगा।


उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना** दिनांकः 15.10.2024

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से **वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ओ&एफ), उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज** द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिऐ निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक GeM वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का विवरणः** कुंभ मेला-2025 के लिए यात्रियों के परिवहन हेतु 81 दिनों की अवधि के लिए वाहनों अर्थात् एमयूवी & बस को किराये पर लेना।

| GeM बिड संख्या | निविदा सिस्टम | कार्य का अनुमानित लागत | EMD |
|---|---|---|---|
| GEM/2024/B/5506805 Dated: 15.10.2024 | एकल पैकेट सिस्टम | ₹ 2411212.05 | ₹ 48230.00 |

**ई-निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य, **कार्य की अवधिः** 81 दिन, **GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथिः** 15.10.2024, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 29.10.2024 & 15.00, **नोटः** 1. उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका के साथ पूरी जानकारी GeM वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध/अपलोड की जाएगी और वेबसाइट www.GeM.gov.in पर बनी रहेगी, निविदा खुलने की नियत तिथि तक। 2. उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस उद्देश्य के लिए, विक्रेताओं को खुद को GeM वेबसाइट के साथ पंजीकृत कराना आवश्यक है। 3. संलग्न किए जा रहे दस्तावेज पर निविदाकर्ता द्वारा अपने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। 4. सभी निविदाकारों को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। 5. किसी भी कठिनाई के मामले में GeM की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। 6. ऑनलाइन ई-निविदा निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक जमा की जा सकती है। 7. जेवी (JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है।

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं. (01 नवम्बर 2024 से प्रभावी) 1800 4199 139 1831/24 FA

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in

**विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

भारतीय रेल प्रशासन द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, **02393/02394 पटना जं.-नई दिल्ली-पटना जं.** विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है। निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी अपने पूर्व निर्धारित समय, संरचना, ठहराव, दिन एवं मार्ग पर चलेंगी। जिसका विवरण निम्नवत हैः-

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - स्टेशन तक | प्रस्थान का दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | संचालन की विस्तारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 02393 | पटना जंक्शन-नई दिल्ली | गुरुवार छोड़कर | 30.10.2024 | 01.11.2024 से 30.11.2024 तक |
| 02394 | नई दिल्ली-पटना जंक्शन | शुक्रवार छोड़कर | 31.10.2024 | 02.11.2024 से 01.12.2024 तक |

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail Madad Mobile App. या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं. (01 नवम्बर 2024 से प्रभावी) 1800 4199 139 उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1837/24 (C)


# भाई के साथ लूडो खेलने के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान, घर के पीछे पेड़ से लटका मिला शव

प्रयागराज। कोरांव थाना क्षेत्र के पथरा नारि गांव में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसकी शादी दो वर्ष पहले हुई थी। वह डेढ़ माह पहले मुंबई से आया था। घटना की रात आत्महत्या के पहले वह अपने भाई के साथ लूडो खेल रहा था। इसके बाद उसने घर के पीछे जाकर बबूल के पेड़ में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना से परिवार के लोग सदमे में हैं। समरजीत जीतू (26) पुत्र सोमनाथ भारतीय का शव घर के पीछे बबूल के पेड़ से लटका मिला। भाई सुशील कुमार ने बताया कि रात्रि में दो बजे तक हम दोनों भाई लूडो खेल रहे थे। उसके बाद अपने–अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह चार बजे भोर मां जगी और बाथरूम के लिए पीछे गई तो देखा कि जीतू बबूल के पेड़ में रस्सी का फंदा लगाकर लटका हुआ था। मां के शोर मचाने पर सभी लोग जगे तो देखा कि जीतू पेड़ से लटका हुआ था। जीतू की शादी दो वर्ष पूर्व मिर्जापुर के तिवारीपुर गांव में मनीषा के साथ हुई थी। मृतक की पत्नी मनीषा इस समय मायके में ही थी। जीतू मुंबई में रहकर किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता था। डेढ़ माह पूर्व घर आया था। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मां जय पत्ती ने रोते बिलखते बताया कि सोमवार को जीतू पत्नी को बुलाने ससुराल जाने वाला था। मामले की सूचना कोरांव पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया।


उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना — ई-निविदा निविदा सूचना — दिनांकः 15.10.2024

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ओ. & एफ.), उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक GeM वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है-

**क्र.सं. :** 1, **GeM बिड संख्या :** GEM/2024/B/5508081 Dated: 15.10.2024

**कार्य का नाम :** कुंभ मेला-2025 के लिए यात्रियों के परिवहन हेतु 50 दिनों की अवधि के लिए वाहनों अर्थात एमयूवी को किराये पर लेना।

**निविदा सिस्टमः** एकल पैकेट सिस्टम | **कार्य का अनुमानित लागत (₹ में):** 20,89,872.00

**EMD (₹):** 41,800.00 | **ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य

**कार्य की अवधि :** 50 दिन | **GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि :** 15.10.2024

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 29.10.2024 & 17:00:00

**नोट :** (1) उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका के साथ पूरी जानकारी GeM वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध/अपलोड की जाएगी और वेबसाइट www.GeM.gov.in पर बनी रहेगी, निविदा खुलने की नियत तिथि तक। (2) उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस उद्देश्य के लिए, विक्रेताओं को खुद को GeM वेबसाइट के साथ पंजीकृत कराना आवश्यक है। (3) संलग्न किए जा रहे दस्तावेज पर निविदाकर्ता द्वारा अपने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। (4) सभी निविदाकारों को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (5) किसी भी कठिनाई के मामले में GeM की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। (6) ऑनलाइन ई-निविदा निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक जमा की जा सकती है। (7) जेवी (JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है।

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं. (1 नवम्बर 2024 से प्रभावी) 1800 4199 139 1836/24 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


## रेल कर्मचारी ने कर्जन ब्रिज से लगाई मौत की छलांग, पुल पर बाइक खड़ी कर कूद गए नीचे

प्रयागराज। रेलवे विभाग में ऑफिस सुपरिटेंडेंट के पद पर कार्यरत कर्मचारी सतीश कुमार त्रिपाठी (34) पुत्र रामबोध त्रिपाठी ने फाफामऊ के कर्जन ब्रिज से छलांग लगा दी। पुलिस उन्हें अस्पताल ले जा रही थी कि रास्ते में उनकी मौत हो गई। परिवार के लोग भी उनके इस कदम से हैरान हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फाफामऊ थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध का पूरा निवासी सतीश कुमार त्रिपाठी सूबेदारगंज रेलवे ऑफिस में सुपरिटेंडेंट के पद पर काम करते थे। वह सोमवार को सुबह ड्यूटी जाने के लिए घर से निकले थे। फाफामऊ कर्जन पुल पर बाइक खड़ी करके नीचे कूद गए। यह देख पुल पर से गुजर रहे लोगों ने शोर गुल मचाना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को भी दी गई। बालू में गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल में ले जा रही थी। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इसकी सूचना परिजनों को दी गई। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। वह पांच भाई और एक बहन में चौथे नंबर पर थे। पत्नी सीटू त्रिपाठी को एक वर्ष पूर्व जुड़वा बेटे पैदा हुए हैं। पत्नी का रो–रोकर बुरा हाल हो रहा है। परिजन मौत का कारण नहीं बता पा रहे हैं।

## वीआईपी की सुरक्षा में स्नाइपर, एनएसजी के कमांडो होंगे तैनात, एटीएस, एसटीएफ भी रखेगी पैनी नजर

प्रयागराज। महाकुंभ–2025 में विशिष्ट मेहमानों, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए स्नाइपर व एनएसजी कमांडो भी तैनात रहेंगे। थल के साथ ही जल में भी इनकी तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही एटीएस व एसटीएफ भी निगहबानी करेंगी। शहर भर में सुरक्षा के लिए 26 एएस चेक टीमें भी लगाई जाएंगी। एनएसजी की दो टुकड़ियां और 26 एएस चेक (एंटी सबोटाज) टीमें पूरे मेला क्षेत्र में तैनात की जाएंगी। इसके अलावा एटीएस कमांडो की चार और एसटीएफ की तीन इकाइयां भी मेल में तैनात रहेंगी। बम निरोधक दस्ते की छह टीमें भी मुस्तैद रहेंगी। विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा के लिए 20 स्नाइपर, तीन स्निफर डॉग की व्यवस्था भी की जा रही है। इसके साथ ही 30 स्पॉट टीमों को भी मुस्तैद किया जाएगा। महाकुंभ मेला एसएसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि कई देशों के राजनयिक महाकुंभ में शिरकत करेंगे। ऐसे में एंटी ड्रोन सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं, मेला क्षेत्र में कई जगह चेकपोस्ट बनाए जाएंगे।


सम्पादक
**सिद्धनाथ द्विवेदी**
प्रबन्धक निदेशक
**दीपक जयसवाल**
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेलः amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062